# जल्दी हस्तक्षेप के चरण

## जल्दी हस्तक्षेप कार्यक्रम के बारे में माता-पिता की मूलभूत मार्गदर्शिका









NEW YORK STATE

**जल्दी हस्तक्षेप कार्यक्रम (Early Intervention Program)**

स्वास्थ्य विभाग (Department of Health) का एक कार्यक्रम

# विषय सूची


1 **जल्दी हस्तक्षेप कार्यक्रम में स्वागत है**

2 **रेफ़रल: पहला चरण**

3 **आपके शुरुआती सेवा संयोजक**

5 **आपके बच्चे का मूल्यांकन**

6 **पारिवारिक आकलन**

7 **आपका वैयक्तिकृत पारिवारिक सेवा प्लान**

9 **स्वाभाविक परिवेश**

10 **आपके जारी सेवा संयोजक**

11 **स्वास्थ्य बीमा या हैल्थ इंशुरैंस संबंधी जानकारी**

13 **पारगमन: आपके बच्चे के अगले कदम**

15 **माता-पिता के रूप में आपके अधिकार**

17 **जल्दी हस्तक्षेप कार्यक्रम संपर्क जानकारी**

18 **"Early Intervention Steps (जल्दी हस्तक्षेप के चरण)" चार्ट**

19 **पत्रों के नमूने**


### इस माता-पिता के लिए मार्गदर्शिका में इस्तेमाल किए गए सामान्य परिवर्णी शब्द

| | |
|---|---|
| **EI** | जल्दी हस्तक्षेप (Early Intervention) |
| **EIO** | जल्दी हस्तक्षेप अधिकारी (Early Intervention Official) |
| **EIP** | जल्दी हस्तक्षेप कार्यक्रम (Early Intervention Program) |
| **IFSP** | वैयक्तिकृत पारिवारिक सेवा प्लान (Individualized Family Service Plan) |
| **ISC** | शुरुआती सेवा संयोजक (Initial Service Coordinator) |
| **MDE** | बहु-विषयी मूल्यांकन (Multidisciplinary Evaluation) |
| **NYS** | न्यूयॉर्क राज्य (New York State) |
| **OSC** | जारी सेवा संयोजक (Ongoing Service Coordinator) |

*Early Intervention Steps: A Parent's Basic Guide to the Early Intervention Program (जल्दी हस्तक्षेप के चरण: जल्दी हस्तक्षेप कार्यक्रम के बारे में माता-पिता की मूलभूत मार्गदर्शिका)* एक ऑनलाइन प्रकाशन है जो जल्दी हस्तक्षेप कार्यक्रम के बारे में अधिक विस्तृत जानकारी प्रदान करता है। इस पत्रिका में उपलब्ध संसाधनों में प्रभावी माता-पिता अधिवक्त बनने के सुझाव, मूल्यांकन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी की जाँच सूची और माता-पिता को अपने योग्य कार्रवाई के अधिकार का उपयोग करने में सहायता करने के लिए नमूने के पत्र शामिल हैं। यह पुस्तिका यहाँ उपलब्ध है: www.nyhealth.gov/publications/0532/index.htm.

# जल्दी हस्तक्षेप कार्यक्रम में स्वागत है



न्यूयॉर्क राज्य जल्दी हस्तक्षेप कार्यक्रम (Early Intervention Program, EIP) राष्ट्रव्यापी EIP का एक हिस्सा है। यह तीन साल से कम आयु के उन शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए है जो किसी विकास संबंधी मानसिक देरी या अक्षमता के कारण अन्य बच्चों की तरह शायद प्रगति न कर रहे हों। अक्षमता का मतलब है कि बच्चे को कोई ऐसी निदान की हुई शारीरिक या मानसिक स्थिति है जिसकी वजह से विकास संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इनमें ऑटिज़्म, डाउन सिन्ड्रोम, गतिविधि से जुड़े रोग या देखने और सुनने संबंधी समस्याएं शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है। विकास संबंधी देरी का मतलब है कि बच्चा विकास के कुछ क्षेत्रों जैसे बढ़ना, सीखना और सोचना या बातचीत करना, में पीछे है।

पहला चरण है आप जिस काउंटी में रहते हैं उसके EIP को आपके बच्चे का रेफ़रल। न्यूयॉर्क राज्य (New York State, NYS) की हर काउंटी और न्यूयॉर्क शहर में एक EIP है। जिन्हें सेवाओं की ज़रूरत हो सकती है ऐसे बच्चों को पहले EIP को रेफ़र किया जाना चाहिए। अगर उन्हें अपने बच्चे के विकास के बारे में चिंता हो, तो माता-पिता खुद अपने बच्चे को EIP को रेफ़र कर सकते हैं। NYS में, अगर किसी विकास संबंधी समस्या का शक हो, तो कुछ पेशेवरों के लिए बच्चों को EIP को रेफ़र करना आवश्यक है। रेफ़रल के बाद, आपके बच्चे का अर्हता प्राप्त (क्वॉलिफ़ाइड) पेशेवरों द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा। अगर आपका बच्चा पात्र पाया जाता है, तो आपकी काउंटी के EIP या न्यूयॉर्क शहर के EIP सेवाएं पाने में आपकी मदद करेंगे। निजी बीमा (प्राइवेट इंशुरेंस) और Medicaid सहित स्वास्थ्य बीमा (हैल्थ इंशुरेंस) को जल्दी हस्तक्षेप सेवाओं के लिए भुगतान करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। EIP सेवाएं आपको बिना किसी लागत के प्रदान की जानी चाहिए और यह आपके बीमा कवरेज को प्रभावित नहीं करेंगी।

जल्दी हस्तक्षेप (EI) सेवाएं आपकी और आपके परिवार की इसमें मदद कर सकती हैं:

- आपके बच्चे की देखभाल के सब से अच्छी तरीके को सीखना;
- आपके बच्चे के विकास में सहायता करना और उसे प्रोत्साहन देना; और
- आपके बच्चे को पारिवारिक और सामुदायिक गतिविधियों में शामिल करना।

जल्दी हस्तक्षेप समुदाय में कहीं भी, जहाँ आपका बच्चा आम तौर पर अपना दिन बिताता है, प्रदान की जा सकती हैं। इसमें शामिल हैं:

- आपका घर;
- आपका बच्चा जिस चाइल्ड केयर सेंटर या फैमिली डे केयर सेंटर में जाता हो वह;
- सामुदायिक/रिक्रिएशनल सेंटर, प्ले ग्रूप, पुस्तकालय या ऐसी कोई भी जगह जहाँ पर माता-पिता और छोटे बच्चे मज़े और मदद के लिए जाएं; और
- शुरुआती बचपन के कार्यक्रम और केन्द्र, जैसे कि Early Head Start (अर्ली हेड स्टार्ट)।

# रेफ़रल: पहला चरण

जब आपके बच्चे के विकास के बारे में कोई चिंता हो, तब डॉक्टर जैसे पेशेवर आपके शिशु या छोटे बच्चे को EIP को रेफ़र कर सकते हैं, अलावा इसके कि आप आपत्ति उठाएं। अगर आपको कोई चिंता हो, तो आप भी अपने बच्चे को आप जिस काउंटी में रहते हैं उसके EIP को रेफ़र कर सकते हैं। काउंटी संपर्क ऑनलाइन यहाँ पर खोजे जा सकते हैं: **www.health.ny.gov/community/infants_children/early_intervention/county_eip.htm**

या आप "Growing Up Healthy" 24-घंटे कार्यरत हॉटलाइन को **1-800-522-5006** पर कॉल कर सकते हैं; न्यूयॉर्क शहर में **311** डायल करें। आप रेफ़रल में सहायता के लिए अपने डॉक्टर या अपने विश्वसनीय किसी व्यक्ति से बात कर सकते हैं और उन से रेफ़रल में आपकी सहायता करने के लिए कह सकते हैं। रेफ़रल की प्रक्रिया आपको EIP के बारे में जानने में सहायता करती है। यह निर्णय आपको लेना होगा कि EIP आपके और आपके बच्चे के लिए सही है या नहीं। आपके बच्चे का कार्यक्रम के लिए मूल्यांकन हो और उसे सेवाएं प्राप्त हों उससे पहले आपको अपनी लिखित अनुमति देनी होगी।





# आपके शुरुआती सेवा संयोजक

EIP आप जिनसे मिलेंगे उनमें से पहले व्यक्तियों में एक हैं आपके शुरुआती सेवा संयोजक (Initial Service Coordinator, ISC)। आपके ISC आप से अपने बच्चे के विकास के बारे में आपकी चिंताओं के बारे में बात करेंगे। वह EIP के बारे में आपके किन्हीं भी प्रश्नों के उत्तर देंगे या देंगी।

ISC यह भी करेंगे/करेंगी:

- आपके परिवार के अधिकारों की समीक्षा करना और सुनिश्चित करना कि आप उन्हें समझते हैं;
- आप से EIP के लिए आपके बच्चे के मूल्यांकन के बारे में और यह किस तरह से निर्धारित करेगा कि आपका बच्चा EIP के ज़रिए सेवाएं पाने के लिए पात्र है या नहीं इसके बारे में बात करना;
- आपको अपनी काउंटी में मूल्यांकनकारों की एक सूची देना और आपके बच्चे और परिवार की ज़रूरतों को पूरा करने वाले मूल्यांकनकार को चुनने में आपकी मदद करना।



- आपकी अनुमति से आपके बच्चे के मूल्यांकन की व्यवस्था करने में मदद करना;
- अगर आपको इसकी ज़रूरत हो, तो आपके बच्चे के मूल्यांकन के लिए परिवहन की व्यवस्था करने में आपकी मदद करना;
- आप चाहें तो आपके बच्चे के मूल्यांकन में मौजूद रहना;
- आपको सूचित करना, कि NYS में, EI सेवाएं आपके परिवार को बिना किसी लागत के प्रदान की जाती हैं। हालाँकि, NYS की EIP के लिए भुगतान प्रणाली में सार्वजनिक बीमा (जैसे Medicaid और Child Health Plus) निजी बीमा (जैसे United Healthcare और अन्य) का EI सेवाओं के लिए प्रतिपूर्ति के लिए इस्तेमाल शामिल है;
- आपके बच्चे के बीमा कवरेज, जिसमें सार्वजनिक और निजी बीमा शामिल है, के बारे में जानकारी और दस्तावेज़ इकट्ठा करना। इस जानकारी में शामिल हैं: बीमा पॉलिसी का प्रकार या स्वास्थ्य बेनिफिट्स प्लान, बीमा कंपनी या प्लान एडमिनिस्ट्रेटर का नाम, पॉलिसी या प्लान का पहचान नंबर, पॉलिसी में कवरेज का प्रकार और आपके इंशुरैंस को बिल भेजने के लिए आवश्यक कोई भी अन्य जानकारी; और
- आपके परिवार के स्वास्थ्य बीमा के संबंध में आपके अधिकार और दायित्वों को समझाना और कानून पारिवारिक बीमा बेनिफिट्स के लिए जो संरक्षण प्रदान करता है उनके बारे में आपके प्रश्नों के जवाब देना।

अगर आपके बच्चे का मूल्यांकन दिखाता है कि वह EIP के लिए पात्र है, तो आपके/आपकी ISC यह करेंगे/करेंगी:

- EIP के बारे में आपके प्रश्नों का जवाब देना;
- आपके वैयक्तिकृत पारिवारिक सेवा प्लान (Individualized Family Service Plan, IFSP) पर काम करने के लिए एक मीटिंग का समय निर्धारित करना;
- यह मीटिंग कैसी होगी, उसमें और कौन होना चाहिए, और किसे आमंत्रित किया जा सकता है यह समझने में आपकी मदद करना;
- आपके स्वास्थ्य बीमा (हेल्थ इंशुरैंस) को कैसे इस्तेमाल किया जा सकता है यह समझाना और यह भी कि जल्दी हस्तक्षेप सेवा आपको बिना किसी लागत के प्रदान की जाएगी;
- अगर आपके बच्चे का बीमा नहीं कराया हुआ है, तो Medicaid, Child Health Plus, और सामाजिक सुरक्षा अक्षमता आय (Social Security Disability Income, SSDI) सहित आपका परिवार जिसके लिए पात्र हो सकता है ऐसे बेनिफिट कार्यक्रमों को पहचानने और उनके लिए आवेदन करने में आपकी मदद करना ISC का दायित्व है। हालाँकि EIP सेवाएं प्रदान की जाएं इसके लिए आपको नामांकन कराना आवश्यक नहीं है।

- आपके परिवार के निजी बीमा कवरेज और Medicaid संबंधी स्थिति के बारे में जानकारी पाना;
- होने वाली किसी भी समस्या के समाधान में आपकी मदद करना - इसमें आपको और आपके बच्चों को जिसकी (जिनकी) ज़रूरत हो सकती है उस सेवा (उन सेवाओं) के बारे में असहमति भी शामिल है;
- आपको आपके परिवार की मदद कर सकते हैं ऐसे अन्य कार्यक्रमों और सेवाओं के बारे में जानकारी देना, जिसमें NYS विकास संबंधी अक्षमताओं वाले लोगों के लिए कार्यालय (Office for People with Developmental Disabilities, OPWDD) पात्रता और उपलब्ध कार्यक्रमों और सेवाओं के बारे में जानकारी शामिल है;
- आपका बच्चा संभावित रूप से OPWDD के तहत कार्यक्रमों और सेवाओं के लिए पात्र है या नहीं इसके बारे में आपसे और आपके मलूयांकनकर्ताओं से बातचीत करना; और
- आपकी सहमति से आपके बच्चे की OPWDD के कार्यक्रमों और सेवाओं के लिए संभावित पात्रता के बारे में उपयुक्त OPWDD संपर्क व्यक्ति को सूचित करना। अगर आपको इसमें रुचि हो, तो आपके/आपकी सेवा संयोजक OPWDD को रेफ़रल करने में आपकी मदद करेंगे/करेंगी।

अगर मूल्यांकन दिखाए कि आपका बच्चा EIP के लिए पात्र नहीं है, तो आपके/आपकी ISC आपको अन्य सेवाओं के बारे में बताएंगे/बताएंगी, जो सहायक हो सकती हैं। अगर आप मूल्यांकन के निष्कर्षों से सहमत न हों, तो आप निर्णय के खिलाफ अपील कर सकते हैं। अगर आप मूल्यांकन के निष्कर्षों से सहमत न हों, तो अपने पास उपलब्ध विकल्पों को देखने के लिए आप “जल्दी हस्तक्षेप कार्यक्रम में माता - पिता के रूप में आपके अधिकार” विभाग की समीक्षा कर सकते हैं।



# आपके बच्चे का मूल्यांकन

अगर आप तय करें कि EIP आपके बच्चे और परिवार की मदद कर सकता है, तो अगला चरह है अपने बच्चे का मूल्यांकन कराना। इस मूल्यांकन को बहुविशेषज्ञता मूल्यांकन (Multidisciplinary Evaluation, MDE) कहा जाता है। "बहुविशेषज्ञता" का मतलब है कि विभिन्न विषयों या पेशों से अर्हताप्राप्त पेशेवर आपके बच्चे के मूल्यांकन में हिस्सा लेंगे। कुछ निदान की गई स्थितियों वाले बच्चे अपनेआप ही EIP के लिए पात्र होते हैं। इन बच्चों के लिए MDE का उद्देश्य है आपके बच्चे की ताक़तों, ज़रूरतों और विकास के सभी क्षेत्रों में उसे कार्य के मौजूदा स्तर का आकलन करना। IFSP को विकसित करने के लिए विकास के जिन पाँच क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाएगा, वह हैं: संज्ञानात्मक (सीखना और सोचना), शारीरिक (बढ़ना, दृष्टि और श्रवण शक्ति, बड़ी और छोटी गतिविधि करने की क्षमताएं), संचार (शब्दों को समझना और इस्तेमाल करना), सामाजिक-भावनात्मक (दूसरों से जुड़ाव करना) और अनुकूलक (खुद की मदद करने वाले कौशल, जैसे कि खाना)। अगर उसे विकास संबंधी देरी होने की शंका होगी, तो आपके बच्चे या आपकी बच्ची का यह निर्धारित करने के लिए आकलन किया जाएगा कि क्या वह EI सेवाओं और सहायताओं के लिए पात्र है।

न्यूयॉर्क राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वीकृत मूल्यांकनकारों की एक सूची में से आपके साथ मूल्यांकन के सभी विकल्पों के बारे में चर्चा करने की ज़िम्मेदारी आपके/आपकी ISC की है। इसमें आपके बच्चे की ज़रूरतों, मूल्यांकनकार के स्थान, किए जाने वाले मूल्यांकनों के प्रकार और मूल्यांकन के परिवेश (घर या मूल्यांकन एजेन्सी) के आधार पर कौन से मूल्यांकनकार सबसे अच्छे रहेंगे यह निर्णय लेने में आपकी मदद करना शामिल है।

एक बार आप एक मूल्यांकनकार चुन लें, तो आप या आपकी अनुमति के साथ आपके/आपकी ISC मूल्यांकनकार को कॉल करके आपके बच्चे के मूल्यांकन के लिए अपॉइंटमेन्ट लेंगे/लेंगी। मूल्यांकन किया जा सके उससे पहले आपको उन्हें अपनी लिखित सहमति देनी होगी। मूल्यांकन की प्रक्रिया आपके बच्चे और परिवार की सांस्कृतिक पार्श्वभूमि के अनुकूल होना चाहिए, जिसमें घर पर बोली जाने वाली भाषाएं शामिल हैं।

आपके बच्चे के MDE में ये शामिल होंगे:

- दृष्टि और श्रवण शक्ति की जाँच सहित स्वास्थ्य का आकलन। आपके बच्चे के स्वास्थ्य का आकलन जब भी संभव हो, आपके स्वास्थ्य सेवा प्रदाता द्वारा किया जाना चाहिए। अगर हाल ही में आपके बच्चे का चेकअप हुआ हो, तो हो सकता है कि नये की ज़रूरत न पड़े;
- आपकी सहमति के साथ, आपके बच्चे के पहले के ऐसे किन्हीं भी रिकॉर्ड की समीक्षा, जो उपयोगी हो सकें;
- विकास के हर क्षेत्र में आपके बच्चे की ताक़तों और ज़रूरतों का आकलन (शारीरिक, संज्ञानात्मक, संचार, सामाजिक-भावनात्मक और अनुकूलक);
- आपके बच्चे के विकास के बारे में आपकी चिंताओं और आपका बच्चा कैसा है, इस बारे में आप से एक इंटरव्यू; और
- अगर EI सेवाएं घर के बाहर होंगी तो बच्चे की परिवहन संबंधी ज़रूरतों के बारे में बातचीत।

MDE के परिणामों को EIP के लिए आपके बच्चे की पात्रता को निर्धारित करने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। आप और मूल्यांकन टीम मिल कर आपके बच्चे की विकास संबंधी प्रगति के बारे में सभी जानकारी की समीक्षा करेंगे। मूल्यांकन टीम आप से आपका बच्चा विकास संबंधी देरी के लिए EIP मानदंड पूरा करता है या नहीं, या फिर उसे कोई निदान की हुई शारीरिक या मानसिक स्थिति है या नहीं और वह EIP के लिए पात्र है या नहीं, इस बारे में बात करेगी।

# पारिवारिक आकलन

आपके बच्चे के MDE के हिस्से के रूप में आपको एक स्वैच्छिक पारिवारिक आकलन में हिस्सा लेने के मौका दिया जाएगा; यह आवश्यक नहीं है। पारिवारिक आकलन परिवार-लक्षी होता है और इसे आपकी अपने बच्चे की देखभाल और उसके विकास को उन्नत बनाने के लिए आपके परिवार के संसाधन, प्राथमिकताओं और चिंताओं का निर्धारण करने में मदद करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है; यह माता-पिता के रूप में आपके कौशलों की परीक्षा नहीं है। पारिवारिक आकलन आपके और आपके परिवार द्वारा, आपके बच्चे की मूल्यांकन टीम के किसी सदस्य के साथ व्यक्तिगत एकल बातचीत के दौरान प्रदान की गई जानकारी पर आधारित होता है। पारिवारिक आकलन आपकी इस बारे में सोचने में मदद कर सकता है कि आप EI सेवाओं और अन्य सामुदायिक सेवाओं या सहायताओं से किस चीज़ की सब से ज़्यादा ज़रूरत है। यह आपकी IFSP मीटिंग के लिए तैयारी करने में भी आपकी मदद कर सकता है। आप साझा करते हैं वह सारी जानकारी गोपनीय रखी जाती है। आप तय करते हैं कि आकलन में से कौनसी जानकारी मूल्यांकन रिपोर्ट में शामिल की जानी चाहिए, और जिस पर आपकी IFSP मीटिंग में चर्चा की जानी चाहिए।



# आपका वैयक्तिकृत पारिवारिक सेवा प्लान

वैयक्तिकृत पारिवारिक सेवा प्लान या IFSP, एक लिखित योजना है जिसे खास आपके लिए, आपके बच्चे के लिए और आपके परिवार के लिए बनाया जाएगा और जो आपके बच्चे और परिवार को जो EI सेवाएं मिलेंगी उनकी रूपरेखा दे कर उन्हें समझाती है। अगर MDE दिखाए कि आपका बच्चा EIP के लिए पात्र है, तो आपके/आपकी ISC बैठ कर आपका IFSP लिखने के लिए एक IFSP मीटिंग बुलाएंगे/बुलाएंगी। IFSP एक बहुत महत्वपूर्ण दस्तावेज़ है और आप इसे विकसित करने वाली टीम के महत्वपूर्ण सदस्य हैं। अगर आपको प्लान के बारे में सोचने के लिए अतिरिक्त समय की ज़रूरत हो, तो वह माँग लें। आप प्लान की परिवार के अन्य सदस्यों से चर्चा करना चाह सकते हैं या यह सुनिश्चित करना चाह सकते हैं कि यह आपके बच्चे और परिवार की ज़रूरतों को पूरा करता है। आप से जब प्लान पूरा हो जाए, तब अपने IFSP पर हस्ताक्षर करने को कहा जाएगा। जब आप IFSP पर हस्ताक्षर करते हैं, आप दिखाते हैं कि आप IFSP मीटिंग में मौजूद थे और यह कि आप प्लान में हैं उन सेवाओं के लिए सहमत हैं। आप EI सेवाएं शुरू करने के लिए अपनी सहमति भी दे रहे हैं।

अगर आप और IFSP टीम IFSP पर सहमत न हों, तो आपको IFSP पर हस्ताक्षर करने की ज़रूरत नहीं है। आप उन सेवाओं को शुरू करने के लिए अपनी लिखित सहमति दे सकते हैं, जिनसे आप सहमत हैं, और असहमति के समाधान के लिए सम्यक प्रक्रिया के अपने अधिकार का उपयोग कर सकते हैं।

आपके/आपकी ISC आपको बताएंगे/बताएंगी कि IFSP मीटिंग में क्या होता है और तैयारी करने में आपकी मदद करेंगे/करेंगी। आपको अपनी IFSP मीटिंग के बारे में जो पता होनी चाहिए उनमें से कुछ महत्वपूर्ण बाते हैं:

- IFSP मीटिंग ऐसे समय और स्थान पर आयोजित की जानी चाहिएष जो आपके और आपके परिवार के लिए अच्छा हो;
- आप, आपके/आपकी ISC, आपकी काउंटी के जल्दी हस्तक्षेप अधिकारी (EIO) या टीम के चुने हुए सदस्य को मीटिंग में भाग लेना आवश्यक है;
- आप दूसरों को IFSP मीटिंग में मौजूद रहने को आमंत्रित कर सकते हैं, जैसे कि दोस्त, रिश्तेदार, आपके/आपकी बेबीसिटर, या बाल देखभाल प्रदाता;
- आपके/आपकी ISC आपकी सहमति से दूसरों को मीटिंग में हिस्सा लेने को आमंत्रित कर सकते/सकती हैं;
- आप किसी अधिवक्ता से मीटिंग में हिस्सा लेने को कह सकते हैं;
- आप, आपके/आपकी ISC, आपके बच्चे के मूल्यांकनकार और आपके EIO आपके बच्चे के विकास के बारे में इकट्ठा की गई जानकारी की समीक्षा करेंगे और साथ मिलकर तय करेंगे कि EIP आपके बच्चे और परिवार की कैसे मदद करेगा;



- आपके परिवार के संसाधन, प्राथमिकताओं और आपके बच्चे के विकास से जुड़ी आपकी चिंताओं की चर्चा की जाएगी;
- आप अपने बच्चे और परिवार के लिए परिणाम (अपने बच्चे के विकास में आप जो सुधार देखना चाहेंगे) पहचानने में मदद करेंगे;
- आप जिस तक पहुँचना चाहते हैं, उन परिणामों तक पहुँचाने वाली व्यूहरचनाएं, गतिविधियाँ और सेवाएं विकसित करके प्लान पर लिखी जाएंगी;
- आराम की सेवाओं की आपकी ज़रूरत की उपयुक्त हो वैसे चर्चा की जाएगी और आपके बच्चे और परिवार की व्यक्तिगत ज़रूरतों के आधार पर निर्धारित की जाएंगी। आराम की सेवाओं का उपयोग आपके बच्चे के लिए आवश्यक देखभाल की ज़िम्मेदारियों से कुछ समय तक आराम के लिए किया जा सकता है। आराम घर पर या अन्य उपयुक्त स्थान पर प्रदान किया जा सकता है;
- किसी सेवा को अपने IFSP में शामिल करने के लिए, आप और आपकी IFSP टीम के सभी सदस्यों को उस सेवा के लिए सहमत होना चाहिए; और

- आप अपने बच्चे के IFSP में परिभाषित किसी भी अन्य EI सेवा को पाने के अधिकार को जोखिम में डाले बगैर किसी भी EI सेवा को स्वीकार या अस्वीकार कर सकते हैं।

आपके परिवार के IFSP में यह जानकारी शामिल होगी:

- आपके बच्चे का कार्य के वर्तमान स्तर का कथन;
- आपकी अनुमति के साथ, आपके परिवार के संसाधनों, प्राथमिकताओं और आपके बच्चे के विकास से जुड़ी चिंताओं का कथन;
- EI सेवाओं से अपेक्षित बड़े परिणामों का कथन। IFSP परिणाम अर्थपूर्ण होने चाहिए और आपके बच्चे और परिवार की ज़रूरतों और प्राथमिकताओं पर आधारित होने चाहिए;
- परिवहन सहित, आपके बच्चे और परिवार की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए ज़रूरी EI सेवाओं का कथन;
- आपका बच्चा जब डे केयर में हो तब के लिए एक प्लान और जब ज़रूरत पड़े तब EI सेवा प्रदाताओं के द्वारा आपके बच्चे की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डे कर कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए प्लान;
- जिन EI सेवाओं के लिए किसी विशेष चिकित्सीय पेशेवर से आदेश/प्रिस्क्रिप्शन की ज़रूरत हो, उनके लिए फिज़िशियन, फिज़िशियन्स आसिस्टंट या नर्स प्रैक्टिशनर का आदेश या प्रिस्क्रिप्शन;
- अन्य सेवाओं के बारे में एक कथन, जिनमें आपके बच्चे और परिवार के लिए ज़रूरी चिकित्सा सेवाएं जिनका EIP प्रदान या जिनके लिए भुगतान नहीं करता है;
- IFSP मीटिंग के बाद आपने प्लान पर हस्ताक्षर कर लिए हों और अपनी अनुमति दे दी हो, तो सेवाओं के यथाशीघ्र शुरु होने की अपेक्षित तिथियाँ;
- जारी सेवा संयोजक का नाम जो आपकी योजना को कार्यान्वित करने में मदद करेंगे;
- प्रीस्कूल खास शिक्षा सेवाओं सहित आपके बच्चे और परिवार को अन्य सेवाओं में बदलने के लिए मदद करने के लिए चरण। EIP में इसे ट्रांज़िशन प्लानिंग या पारगमन योजना कहते हैं; और
- उन स्वाभाविक परिवेशों का कथन जहाँ EI सेवाएं प्रदान की जाएंगी। "स्वाभाविक परिवेश" का मतलब है ऐसे परिवेश जहाँ समुदाय में आम तौर पर शिशु और छोटे बच्चे पाए जाते हैं। यह आपका घर या अन्य सामुदायिक स्थान हो सकता है, जैसे कि डे केयर या प्लेग्राउंड में।

आप IFSP में वर्णित EI सेवाओं के लिए अपनी सहमति दें उसके बाद सेवाएं यथाशीघ्र शुरू हो जानी चाहिए। आपके EIO को साल में कम से कम एक बार मूल्यांकन करने, और ज़रूरत के अनुसार आपके बच्चे और परिवार के लिए IFSP में संशोधन करने के लिए एक मीटिंग आयोजित करनी चाहिए। EIO यह सुनिश्चित करने के लिए भी ज़िम्मेदार है कि IFSP की हर छह महीनों में, और अगर आप माँग करें, तो उससे अधिक बार समीक्षा की जाए।

# स्वाभाविक परिवेश

EIP का निर्माण करने वाला संघीय कानून कहता है कि EI सेवाएं हो सकें उतने प्राकृतिक परिवेश में प्रदान की जानी चाहिए। स्वाभाविक परिवेश ऐसे परिवेश होते हैं जिनमें खास ज़रूरतों वाले और बिना के शिशु और छोटे बच्चे और उनके परिवार रोज़मर्रा की दिनचर्या में और अपने लिए महत्वपूर्ण गतिविधियों में हिस्सा लेते हों और जो महत्वपूर्ण सीखने के अवसर के रूप में कार्य करते हैं। स्वाभाविक परिवेश में आपका घर, बाल देखभाल प्रदान की जाती है ऐसे स्थान, प्लेग्राउंड, रेस्त्रां, सार्वजनिक परिवहन, पुस्तकालय, सुपरमार्केट, प्रार्थना स्थल और अन्य सामुदायिक परिवेश शामिल होते हैं। स्वाभविक परिवेश केवल स्थान या स्थल के बारे में नहीं हैं। ये परिवार की दिनचर्या और पारिवारिक भोजन, स्नान, सोने के समय, पारिवारिक उत्सव, घर के काम और दोस्तों और रिश्तेदारों से मिलने जाने के बारे में भी हैं। कुछ सेवाएं ऐसी हो सकती हैं, जो EI सेवाओं में विशेषज्ञता रखने वाली किसी एजेन्सी या स्कूल में प्रदान की जा सकती है, अगर आपके बच्चे के लिए यह परिवेश सबसे अच्छा हो। क्योंकि स्वाभाविक परिवेश वे हैं जिनमें खास ज़रूरतों वाले और बिना के शिशु और छोटे बच्चे जीते हैं, सीखते हैं, खेलते हैं और सामुदायिक/पासपड़ोस की गतिविधियों और कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हैं, यह सभी बच्चों को एकदूसरे से सीखने का मौका देता है।



# आपके जारी सेवा संयोजक

आपकी पहली IFSP मीटिंग में आप से एक जारी सेवा संयोजक (Ongoing Service Coordinator, OSC) को चुनने के लिए कहा जाएगा, जो आपके/आपकी ISC से अलग हो सकते हैं। अपने OSC को चुनना एक महत्वपूर्ण निर्णय है। सेवा संयोजक आपके IFSP को कार्यान्वित करने के लिए ज़िम्मेदार होंगे।

आपके जारी सेवा संयोजक इसके लिए भी ज़िम्मेदार होंगे:

- आप से आपके परिवार की समयसारणी से जुड़ी या अन्य ज़रूरतों के बारे में बात करना, जिनका प्रदाताओं के आवंटन पर प्रभाव हो सकता है;
- आपके बच्चे और परिवार की जल्दी हस्तक्षेप सेवा ज़रूरतों की पहचान करने के लिए आपके IFSP की समीक्षा करना;
- समयसारणी, सेवाओं और अन्य ज़रूरतों की पुष्टि करने के लिए आप से संपर्क करना;
- IFSP में निर्धारित सेवाएं प्रदान करने के लिए न्यूयॉर्क राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वीकृत और उसके साथ अनुबंध में हो ऐसे प्रदाता आवंटित करना और उनकी व्यवस्था करना।
- आपके और आपके आवंटित प्रदाता(ओं) के बीच संपर्क की व्यवस्था करना;
- आपके परिवार को मिलने वाली अन्य सेवाओं, जैसे कि डे केयर सेवाओं के साथ EI सेवाओं का संयोजन करना;
- सुनिश्चित करना कि आपके बच्चे और परिवार को आपके IFSP में शामिल सभी सेवाएं मिलें;
- आपके और आपके आवंटित प्रदाता(ओं) के साथ फ़ॉलो-अप करके सुनिश्चित करना कि समयसारणी का निर्धारण और सेवा का पहला दिन आवश्यक समय सीमा के भीतर हो;
- आपको अधिवक्ता सेवाओं के बारे में सूचित करना;
- सुनिश्चित करना कि आपके IFSP की छह महीने बाद समीक्षा और वार्षिक मूल्यांकन पूरे हों;
- छह महीनों में की जाने वाली समीक्षा और वार्षिक मूल्यांकनों के बीच आपके IFSP में किन्हीं भी ज़रूरी परिवर्तनों को करने में आपकी मदद करना;
- ज़रूरत पड़ने पर आपके परिवार की बीमा संबंधी जानकारी को अपडेट करना। Medicaid और Child Health Plus सहित परिवार की बीमा पॉलिसी में कोई भी परिवर्तन होने पर आपको अपने OSC को सूचित करना चाहिए;
- आपके बच्चे के EIP से प्रीस्कूल खास शिक्षा सेवाओं में संभावित पारगमन के बारे में स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स को सूचित करना; और
- आप से मिलकर ऐसी पारगमन योजना विकसित करना जिसमें आपको और आपके बच्चे को EIP को छोड़ कर नई सेवाएं शुरू करने के लिए आवश्यक चरण होंगे।



# स्वास्थ्य बीमा या हैल्थ इंश्युरेंस संबंधी जानकारी

आपके सेवा संयोजक के लिए आपके परिवार की सब से हाली और सटीक स्वास्थ्य बीमा जानकारी प्राप्त करना बहुत महत्वपूर्ण है। आपके सेवा संयोजक आपके साथ गहराई से जानेंगे कि आपके परिवार के पास किस तरह की स्वास्थ्य बीमा योजना है और यह पहचानने में मदद करेंगे कि क्या आपका प्लान न्यूयॉर्क राज्य बीमा कानून के तहत चलता है ("विनियमित") या न्यूयॉर्क राज्य बीमा कानून द्वारा विनियमित नहीं है ("गैर-विनियमित")। आपके सेवा संयोजक आपके बच्चे को आपके परिवार की बीमा पॉलिसी के तहत प्राप्त लाभों के बारे में भी जानकारी इकट्ठा करेंगे। अगर आपके परिवार का स्वास्थ्य बीमा न्यूयॉर्क राज्य बीमा कानून द्वारा विनियमित नहीं है, तो जब तक आप लिखित सहमति नहीं देते हैं तब तक प्लान को बिल नहीं भेजा जाएगा।

## स्वास्थ्य बीमा कवरेज के प्रकार

Medicaid और Medicaid Managed Care प्लान राज्यभर में कई हेल्थ प्लान द्वारा प्रबंधित हैं। सेवाओं का बिल सीधे Medicaid को भेजा जाता है।

Child Health Plus (CHP) राज्यभर में कई स्वास्थ्य सेवा प्लान द्वारा प्रबंधित हैं। CHP EIP के संबंध में NYS बीमा कानून के अधीन है।

न्यूयॉर्क राज्य के बाहर जारी किए गए/लिखे गए स्वास्थ्य बीमा प्लान विनियमित नहीं हैं (जैसे किसी और राज्य में जारी किए गए Blue Cross/Blue Shield प्लान विनियमित नहीं हैं)।

स्वास्थ्य खर्च खाते/स्वास्थ्य बचत खाते (Health Spending Accounts/Health Savings Accounts, HSAs) चिकित्सीय बचत खाते होते हैं और इन्हें बीमा नहीं माना जाता है; आपके सेवा संयोजक द्वारा इन खातों के बारे में जानकारी इकट्ठा नहीं की जानी चाहिए।

आपके ISC आपके साथ न्यूयॉर्क राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य और बीमा कानून में मौजूद आवश्यकताओं के बारे में भी बात करेंगे, जिनमें शामिल हैं:

- न्यूयॉर्क राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य कानून के तहत, EI सेवाएं माता-पिता को बिना किसी लागत के प्रदान की जानी चाहिए;
- निजी बीमा और Medicaid NYS की EI सेवाओं के लिए भुगतान प्रणाली का हिस्सा हैं। ये निजी भुगतान करने वाले EIP के लिए महत्वपूर्ण संसाधन हैं;
- स्वास्थ्य बीमा का उपयोग EI सेवाओं के लिए भुगतान करने के लिए तभी किया जाएगा अगर आपके बच्चे की/परिवार की पॉलिसी विनियमित हो, या फिर अगर पॉलिसी गैर-विनियमित हो तो आपकी सहमति के साथ; और
- आपके बच्चे के IFSP में मौजूद सभी EIP सेवाएं, जिनमें सेवा संयोजन और मूल्यांकन भी शामिल हैं, आप बीमा संबंधी जानकारी प्रदान करने से इन्कार करें या अगर आपके बच्चे का बीमा न हो तब भी प्रदान की जाना आवश्यक है।

## विनियमित बीमे के इस्तेमाल के लिए संरक्षण

माता-पिता EI सेवाओं के लिए डिडक्टिबल या को-पेमेन्ट जैसे खुद चुकाने वाले खर्च का भुगतान नहीं करते हैं।

बीमा प्रदाताओं को EI सेवाओं के लिए चुकाए गए किसी भी बेनिफिट को किसी अधिकतम वार्षिक या आजीवन पॉलिसी सीमाओं के हेतु चार्ज करने की अनुमति नहीं हैं।

बीमा प्रदाता द्वारा प्रतिपूर्ति की जाने वाली EI विज़िट अन्यथा स्वास्थ्य सेवा के लिए बच्चे या परिवार के लिए उपलब्ध विज़िट की संख्या को कम नहीं कर सकती है।

बीमा प्रदाता केवल इसलिए किसी परिवार के बीमा कवरेज को बंद नहीं कर सकते या रिन्यु करने में विफल नहीं हो सकते क्योंकि किसी बच्चे को EI सेवाएं मिल रही हैं।

बीमा प्रदाता केवल इसलिए स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम बढ़ा नहीं सकते क्योंकि किसी बच्चे को EI सेवाएं मिल रही हैं।



## गैर-विनियमित बीमे का उपयोग

अगर किसी परिवार का बीमा प्लान NYS बीमा कानून द्वारा विनियमित नहीं है, तो जब तक आप अपनी जानकारीपूर्ण, लिखित सहमति प्रदान न करें, प्लान को बिल नहीं भेजा जाएगा। अगर आप गैर-विनियमित बीमे के EIP सेवाओं के लिए भुगतान के लिए इस्तेमाल की लिखित सहमति दें, तो इस सहमति पर हरेक IFSP मीटिंग में दोबारा हस्ताक्षर करना आवश्यक होगा।

अगर आपके परिवार का बीमा NYS बीमा कानून द्वारा विनियमित नहीं है, तो EIP सेवाओं पर बिल भेजने पर आपके बीमा लाभ संरक्षित न हों ऐसा हो सकता है। इस स्थिति में, बीमा का उपयोग केवल तभी किया जा सकता है जब आपको पूरी जानकारी प्राप्त हो और आप लिखित सहमति देना चुनें।

## माता-पिता की ज़िम्मेदारियाँ

अगर आपके परिवार की बीमा पॉलिसी में कोई परिवर्तन हों, जिनमें Medicaid और Child Health Plus शामिल हैं, आपको अपने सेवा संयोजक को यथाशीघ्र जानकारी देनी चाहिए।

अगर आपकी स्वास्थ्य बीमा कंपनी आपको EI सेवाओं के लिए भुगतान के लिए एक चेक भेजती है, तो यह भुगतान आपको गलती से भेजा गया था। भुगतान सीधे आपके बच्चे के EI प्रदाता या फिर आपके बच्चे का प्रदाता जिसके साथ काम करता है या अनुबंध में है उस प्रदाता एजेन्सी को भेजा जाना चाहिए था। आपको चेक को कैश नहीं करना चाहिए। अपनी बीमा कंपनी को तुरंत गलती के बारे में सूचित करें और चेक को बीमा कंपनी को लौटाने में सहायता के लिए अपने सेवा संयोजक से संपर्क करें।

अगर आपकी NYS विनियमित स्वास्थ्य बीमा कंपनी EI सेवाओं के लिए भुगतान को आपकी बीमा पॉलिसी में उल्लिखित वार्षिक और आजीवन सीमाओं पर लागू करती है, तो आपको तुरंत बीमा कंपनी को उस गलती के बारे में सूचित करना चाहिए और सहायता के लिए अपने सेवा संयोजक से संपर्क करना चाहिए।

अगर आपके स्वास्थ्य खर्च खाता (HSA) की निधि आपकी स्वास्थ्य बीमा कंपनी द्वारा गलत रूप से EI सेवाओं के लिए भुगतान के लिए आपके बच्चे के EI सेवा प्रदाता को भेजी गई थी, तो आपको तुरंत अपने सेवा संयोजक को सूचित करना चाहिए। EI कार्यक्रम के तहत इन भुगतानों की अनुमति नहीं है और इन्हें तुरंत आपके बीमा प्रदाता द्वारा आपके HSA में रिफंड कर दिया जाना चाहिए। आपकी स्वास्थ्य बीमा कंपनी से भुगतान को लौटाने के लिए निर्देश माँगने के लिए संपर्क करने ज़िम्मेदारी आपके EI प्रदाता की है, जिसे आपके उपलब्ध लाभों में लौटा दिया जाएगा।




# पारगमन: आपके बच्चे के अगले कदम

उनके तीसरे जन्मदिन पर या उससे नज़दीक, EIP को छोड़ रहे सभी बच्चों के लिए एक पारगमन योजना विकसित की जानी चाहिए, इसमें प्रीस्कूल खास शिक्षा या अन्य सेवाओं में जाना शामिल है। पारगमन योजना में ऐसी किसी भी सहायता, मदद और सेवाओं को शामिल किया जाना चाहिए जिनकी आपको और आपके बच्चे को सेवाओं में परिवर्तन से अनुकूलन करने और सुगम परिवर्तन करने में ज़रूरत हो। पारगमन योजना के बारे में बात आपके बच्चे के पहले IFSP के साथ शुरू हो जानी चाहिए। कुछ बच्चों को अब किन्हीं सेवाओं की ज़रूरत नहीं होगी। अन्य बच्चे और परिवार शुरुआती बचपन कार्यक्रमों या अपने समुदाय में अन्य सेवाओं में जा सकते हैं। अगर आपको या किसी और को लगता है कि आपका बच्चा प्रीस्कूल खास शिक्षा सेवाओं के लिए पात्र है, तो आपके सेवा संयोजक आपके स्कूल डिस्ट्रिक्ट में प्रीस्कूल खास शिक्षा समिति (Committee on Preschool Special Education, CPSE) को सूचित करेंगे। आपको CPSE को सूचित किए जाने से "ऑप्ट-आउट" करने का मौका मिलेगा। अगर आप आपत्ति उठाएं, तो OSC यह कदम नहीं उठा सकते हैं।

पारगमन में अतिरिक्त चरणों में शामिल हैं:

- आपके OSC को आपको पारगमन कॉनफ्रेंस के आयोजन का प्रस्ताव करना होगा। पारगमन कॉनफ्रेंस एक ऐसी मीटिंग है जिसे CPSE के/की अध्यक्ष (या उनके/उनकी निर्दिष्ट व्यक्ति) के साथ यह निर्णय लेने के लिए आयोजित की जाती है कि क्या आपके बच्चे को प्रीस्कूल खास शिक्षा सेवाओं के लिए रेफ़र किया जाना चाहिए। इस मीटिंग को पारगमन कॉनफ्रेंस कहा जाता है। आप तय कर सकते हैं कि आप कोई पारगमन कॉनफ्रेंस चाहते हैं या नहीं। यह कॉनफ्रेंस हो इसके लिए आप से अपने OSC को अपनी सहमति देने को कहा जाएगा;
- अगर आप पारगमन कॉनफ्रेंस से इन्कार करें, तो आपके OSC आपको लिखित पारगमन जानकारी प्रदान करेंगे;
- अगर आप पारगमन कॉनफ्रेंस के लिए सहमति दें, तो आपके OSC आपके, CPSE प्रमुख/निर्दिष्ट व्यक्ति और आमंत्रित किए अनुसर IFSP टीम के अन्य सदस्यों के साथ पारगमन कॉनफ्रेंस का आयोजन करेंगे। पारगमन कॉनफ्रेंस आपका बच्चा CPSE के ज़रिए सेवाओं के लिए पहली बार पात्र हो उससे कम से कम 90 दिन पहले आयोजित की जानी चाहिए। आपके OSC आपको आपका बच्चा CPSE के ज़रिए सेवाओं के लिए पहली बार कब पात्र होता है इसके बारे में जानकारी प्रदान करेंगे।



- आप पारगमन कॉनफ्रेंस आयोजित करवाना चुनें या नहीं, आप अपने बच्चे को स्कूल डिस्ट्रिक्ट CPSE को रेफ़र करने का निर्णय ले सकते हैं। आपके OSC यह रेफ़रल करने में आपकी मदद कर सकते हैं। आपको अपने बच्चे को अपने बच्चे के तीसरे जन्म दिन से पहले CPSE द्वारा उसका मूल्यांकन हो सके, और CPSE आपके बच्चे की प्रीस्कूल खास शिक्षा के लिए पात्रता निर्धारित कर सके इसके लिए पर्याप्त समय देते हुए रेफ़र करना होगा। अन्यथा, EI सेवाओं के लिए पात्रता आपके बच्चे के तीसरे जन्मदिन से पहले वाले दिन समाप्त हो जाएगी।

- एक बार आपके बच्चे को रेफ़र किया जाए, तो CPSE आपको यह बताने के लिए आप से संपर्क करेगा, कि अपने बच्चे का मूल्यांकन कैसे करवाएं। CPSE आप से आपके बच्चे के मूल्यांकन के लिए लिखित सहमति माँगेगा;
- आपके बच्चे का मूल्यांकन कैसे किया जाए इसका निर्णय लेने के लिए CPSE आपके बच्चे के EIP रिकॉर्ड इस्तेमाल कर सकती है। आपके सेवा संयोजक आपके साथ मिलकर EIP से उपयोगी हो सकें ऐसी मूल्यांकन रिपोर्ट और रिकॉर्ड की पहचान करने के लिए काम करेंगे। CPSE को EIP मूल्यांकन रिपोर्ट और संभवतः उपयोग रिकॉर्ड प्रदान करने के लिए आपके OSC को आपकी लिखित सहमति की ज़रूरत होगी;
- CPSE को आपके बच्चे की पात्रता और सेवाओं के बारे में निर्णय लेने के लिए एक मीटिंग करनी होगी और स्कूल डिस्ट्रिक्ट के भीतर शिक्षा बोर्ड को एक सिफारिश प्रदान करनी होगी, और यह आपके बच्चे का मूल्यांकन करने के लिए आपकी लिखित सहमति पाने के 60 कैलेन्डर दिनों के भीतर करना होगा। आप CPSE प्रमुख से आपके OSC को इस मीटिंग में आमंत्रित करने को कह सकते हैं;
- अगर आपका बच्चा प्रीस्कूल खास शिक्षा के लिए पात्र हो, तो आपके बच्चे के लिए एक व्यक्तिगत शिक्षा योजना (Individual Education Plan, IEP) विकसित की जाएगी। आप प्रीस्कूल खास शिक्षा कार्यक्रम और सेवाएं आपका बच्चा पहले पात्र हो तब शुरू करना चुन सकते हैं या फिर जब तक आपके बच्चे की उम्र उससे बढ़ न जाए, EIP में रहना चुन सकते हैं। अगर आप निर्णय लेते हैं कि आप चाहते हैं कि आपक बच्चा EIP छोड़ दे और प्रीस्कूल खास शिक्षा सेवाएं शुरू करे, तो आपको अपने स्कूल डिस्ट्रिक्ट में CPSE प्रमुख से संपर्क करना चाहिए; और
- अगर आपका बच्चा प्रीस्कूल खास शिक्षा के लिए पात्र *नहीं* है, तो EIP सेवाएं आपका बच्चा तीन साल का होगा उसके एक दिन पहले समाप्त हो जाएंगी। आपके बच्चे के लिए आपके इनपुट के साथ एक पारगमन योजना बनाई जाएगी। अगर आपके बच्चे और परिवार को अन्य सेवाओं की ज़रूरत हो, तो योजना में ये सेवाएं शामिल होंगी, और आपको ये सेवाएं पाने में मदद करने के लिए चरण।



# माता-पिता के रूप में आपके अधिकार


माता-पिता के रूप में EIP के तहत आपके पास अधिकार हैं। आपको अपने अधिकार समझाने, यह सुनिश्चित करने कि आप उन्हें समझते हैं, और आपको उनका उपयोग करने में सहायता करने का दायित्व आपके सेवा संयोजक और सेवा प्रदाताओं का है। उदाहरण के लिए, आपको अग्रिम लिखित नोटिस का अधिकार है। अग्रिम लिखित नोटिस EIO द्वारा आपको EIO जब से सेवा शुरू करने या उससे इनकार करने का इरादा रखते हैं, या फिर आपके बच्चे और परिवार को उपयुक्त EI सेवाओं के प्रदान की पहचान, मूल्यांकन, सेवा परिवेश या प्रावधन को बदलना चाहते हैं, उससे 10 कार्यदिवस पहले दिया जाना चाहिए।

आपको असहमतियों के समाधान के लिए या अपने बच्चे की EIP के लिए पात्रा के बारे में शिकायतों या अपने बच्चे की EI सेवाओं के लिए शिकायतों के समाधान के लिए सम्यक प्रक्रियाएं इस्तेमाल करने का अधिकार भी है। असमहतियों या शिकायतों का समाधान करने के लिए सम्यक प्रक्रियाओं का उपयोग करने के आपके अधिकार में मध्यस्थता तक पहुँच पाने का आपका अधिकार, निष्पक्ष सुनवाई और प्रणालियों में शिकायत प्रक्रियाएं निम्नानुसार शामिल हैं:

मध्यस्थता आपको अपने बच्चे की जल्दी हस्तक्षेप सेवाओं के बारे में हों ऐसी असमहतियों और शिकायतों का समाधान करने का एक स्वैच्छिक और गोपनीय तरीका है मध्यस्था का उपयोग आपको और आपके EIO को यथाशीघ्र सहमति करने में सहायता करने के लिए किया जाता है। यह एक मध्यस्थ के द्वारा किया जाता है। मध्यस्थ प्रशिक्षित, प्रमाणन प्राप्त और आपकी काउंटी के सामुदायिक विवाद समाधान केंद्र (Community Dispute Resolution Center) द्वारा आवंटित होते हैं। उनमें किसी समस्या के सभी पहलुओं को सुनने और न्यायपूर्ण होने का कौशल्य हासिल होता है। आपके मध्यस्थ जल्दी हस्तक्षेप में विशेषज्ञ नहीं होते हैं। ऐसे विशेषज्ञ मध्यस्थ होते हैं, जो EIP के बारे में जानते हैं और उसे समझते हैं।

आपके मध्यस्थ आप से और आपके EIO से मिलकर शामिल समस्याओं के बारे में बात करेंगे और जवाब खोजने में आपकी मदद करेंगे। आप दोनों को जल्दी हस्तक्षेप सेवाओं के बारे में अपनी चिंताएं साझा करने का मौका मिलेगा जिनका समाधान करना है। मध्यस्थता प्रक्रिया सामुदायिक विवाद केन्द्र को मध्यस्थता की लिखित माँग मिलने के





30 दिनों में समाप्त कर दी जानी चाहिए। एक बार मध्यस्थता पूरी हो, तो लिखित सहमति तैयार की जाती है जिसमें वर्णन किया जाता है कि किन चीज़ों पर सहमति की गई थी और क्या कोई मामले बाकी हैं। आपके सेवा संयोजक सुनिश्चित करेंगे कि यह सहमति आपके IFSP में जोड़ी जाए। अगर असहमति का समाधान नहीं किया जा सकता, तो आपके EIO को आप से आपके पास है ऐसे एक अन्य अधिकार की बात करनी चाहिए, निष्पक्ष सुनवाई।

निष्पक्ष सुनवाई आपके EIO के साथ किसी IFSP में आपके बच्चे की सेवाओं के बारे में किसी असहमति का समाधान करने का आपके लिए एक और तरीका है। मध्यस्थता की तरह, निष्पक्ष सुनवाई आपके लिए बिना किसी लागत के आयोजित की जानी चाहिए। अगर कोई मूल्यांकनकार आपके बच्चे को सेवाओं के लिए अपात्र पाए, तब भी आप एक निष्पक्ष सुनवाई की माँग कर सकते हैं। आप पहले मध्यस्था में हिस्सा लें तब भी आपको इन समस्याओं के समाधान के लिए एक निष्पक्ष सुनवाई की माँग करने का अधिकार है। आपके लिए निष्पक्ष सुनवाई पाने से पहले मध्यस्थता में हिस्सा लेना आवश्यक नहीं है। आपके और आपके परिवार के पास दोनों विकल्प खुले हैं। निष्पक्ष सुनवाई निष्पक्ष और पूर्वाग्रहरहित सुनवाई अधिकारियों द्वारा की जाती है। ये सुवाई अधिकारी स्वास्थ्य कमीशनर (Commissioner of Health) या उनके द्वारा निर्दिष्ट व्यक्ति द्वारा आवंटित एडमिनिस्ट्रेटिव लॉ जज होते हैं। सुनवाई अधिकारी के पास आपके या EIO के द्वारा की गई माँगों पर निर्णय लेने की सत्ता होती है। सुनवाई अधिकारी आपके बच्चे के मामले में समस्या या चिंता के बारे में अंतिम निर्णय लेंगे।

सुनवाई में, माता-पिता और EIO गवाही देते हैं और अपने दृष्टिकोण के समर्थन के लिए साक्षियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। माता-पिता किसी दोस्त, अन्य माता-पिता, अधिवक्ता या वकील को निष्पक्ष सुनवाई में ला सकते हैं। सुनवाई अधिकारी को 30 दिनों में निर्णय लेना होगा। सुनवाई अधिकारी का निर्णय अंतिम होता है। आपको या EIO को सुनवाई अधिकारी के निर्णय की कानूनी समीक्षा की माँग करने का अधिकार है।

निष्पक्ष सुनवाई की माँग करने के लिए आपको न्यूयॉर्क स्वास्थ्य विभाग (New York State Department of Health), जल्दी हस्तक्षेप कार्यालय निदेशक (Director of Bureau of Early Intervention) को पत्र लिखना होगा। आप किसी भी समय निष्पक्ष सुनवाई की माँग कर सकते हैं। हालाँकि, अगर आपकी शिकायत आपके बच्चे की पात्रता के बारे में है, तो आपकी माँग आपके बच्चे को सेवा के लिए अपात्र माना गया उस तिथि के छह महीनों के भीतर कर दी जानी चाहिए।

मध्यस्थता और निष्पक्ष सुनवाई के अलावा, EIP कैसे काम कर रहा है उससे समस्या हो ऐसे माता-पिता के लिए एक और विकल्प है सिस्टम शिकायत दर्ज करना। समस्याओं के कुछ उदाहरण में शामिल हैं:

- जल्दी हस्तक्षेप अधिकारी को बच्चे के रेफ़रल के 45 दिनों के भीतर IFSP पूरा न होना;
- समय पर सेवाएं प्रदान न की जाना;
- आपके IFSP में सूचीबद्ध सेवाएं न पाना;
- माता-पिता ने अनुमति न दी हो तब किसी बच्चे को सेवाएं प्रदान करना; और
- स्वास्थ्य या सुरक्षा संबंधी चिंताएं हों ऐसे स्थानों पर सेवाएं प्राप्त करना।

अगर आपका मानना हो कि आपके EIO, सेवा संयोजक, मूल्यांकनकार या सेवा प्रदाता कानून के तहत अपना काम नहीं कर रहे हैं, तो सिस्टम शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। सिस्टम शिकायत दर्ज करने के लिए आपको न्यूयॉर्क राज्य स्वास्थ्य विभाग (New York State Department of Health), जल्दी हस्तक्षेप कार्यालय निदेशक (Director of the Bureau of Early Intervention) को पत्र लिखना होगा। आपको अपनी शिकायत की एक प्रति अपने सेवा संयोजक, काउंटी जल्दी हस्तक्षेप अधिकारी और किन्हीं जल्दी हस्तक्षेप प्रदाता(ओं) को भी फ़ॉरवर्ड करना चाहिए, जो शिकायत का विषय हो। स्वास्थ्य विभाग को आपकी शिकायत की जाँच करनी होगी।

अगर आप स्वास्थ्य विभाग से शिकायत करते हैं, तो स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी आप से संपर्क करेंगे। आपको बताया जाएगा कि आपकी शिकायत की जाँच कैसे की जाएगी। इसमें आपका, शिकायत में नामित किसी भी व्यक्ति का और जिनके पास शिकायत के बारे में उपयोगी जानकारी हो सकती है ऐसे अन्य लोगों का इंटरव्यू लेना शामिल हो सकता है।

स्वास्थ्य विभाग को अपनी जाँच उसे शिकायत मिलने के 60 दिनों के भीतर पूरी करनी होगी। आपको जाँच के पूरा होने पर एक लिखित प्रतिक्रिया मिलेगी। प्रतिक्रिया जाँच के निष्कर्ष और की जाने वाली किसी भी कार्रवाई को प्रदान करेगी। समस्या को ठीक करने के सभी कदम उठाए जाएं यह सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग की है।

इस प्रक्रिया में आपकी मदद करने वाले नमूने के पत्र पृष्ठ 19 पर शुरु होते हैं।

# जल्दी हस्तक्षेप कार्यक्रम संपर्क जानकारी

जल्दी हस्तक्षेप कार्यक्रम सेवाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इन से संपर्क करेंt:

न्यूयॉर्क राज्य स्वास्थ्य विभाग
(New York State Department of Health)
जल्दी हस्तक्षेप कार्यालय (Bureau of Early Intervention)
Corning Tower Building, Room 287
Empire State Plaza
Albany, New York 12237-0660
**(518) 473-7016**
फ़ैक्स: **(518) 486-1090**
ईमेल: **beipub@health.ny.gov**
माता-पिता के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न, EIP विनियम, संबंधित शब्द और संक्षिप्त रूप, और आपके स्थानीय EIP के टेलीफ़ोन नंबर ऑनलाइन यहाँ पर उपलब्ध हैं:
**www.health.ny.gov/community/infants_children/early_intervention/county_eip.htm**

जल्दी हस्तक्षेप और अन्य बाल-संबंधी सेवाओं के लिए इन से संपर्क करें:

"Growing Up Healthy" 24-घंटे उपलब्ध हॉटलाइन
**1-800-522-5006**
न्ययॉर्क शहर में **311** डायल करें

शुरुआती बचपन निर्देश केंद्र
(Early Childhood Direction Centers)
न्यूयॉर्क राज्य शिक्षा विभाग
(New York State Education Department)
**www.p12.nysed.gov/specialed/techassist/ecdc/**
**(518) 486-7462**
टीटीवाय: **(518) 474-5652**

न्यूयॉर्क माता-पिता और बच्चा कनेक्शन हेल्पलाइन
(New York Parent and Kid Connection Helpline)
**1-800-345-KIDS (5437)**
(सोमवार से शुक्रवार सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक उपलब्ध)

खास ज़रूरतों वाले लोगों के संरक्षण के लिए NYS न्याय केंद्र
(NYS Justice Center for the Protection of People with Special Needs)
**www.justicecenter.ny.gov/services-supports/advocacy**
**1-800-624-4143** जानकारी और रेफ़रल (सोमवार से शुक्रवार सुबह 8:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक)
टीटीवाय: NYS रीले के लिए **7-1-1** डायल करें और ऑपरेटर को **1-800-624-4143** दें।

सहायक टेक्नोलॉजी कार्यक्रम
(Assistive Technology (TRAID) Program)
**www.justicecenter.ny.gov/services-supports/assistive-technology-traid**

Parent to Parent of New York State
**www.parenttoparentnys.org**
**(518) 381-4530** or **1-800-305-8817**

माता-पिता के लिए प्रशिक्षण और जानकारी केंद्र
**www.parenttip.org**
राज्यव्यापी (NYC को छोड़ कर): **(585) 546-1700**
केवल न्यूयॉर्क राज्य: **1-800-650-4967**


स्टारब्रिज (Starbridge)
(न्यूयॉर्क शहर के 5 बरो को छोड़ कर राज्यव्यापी)
**www.starbridgeinc.org**
**(585) 546-1700** या **1-800-650-4967** (NYS में)

इन्क्लूडएनवायसी (INCLUDEnyc)
(न्यूयॉर्क शहर के 5 बरो की सेवा करता है)
पूर्व में खास ज़रूरतों वाले बच्चों के लिए संसाधन (Resources for Children with Special Needs)
**www.includenyc.org**
**(212) 677-4650**

न्यूयॉर्क के बच्चों के लिए अधिवक्ता
(Advocates for Children of New York)
(न्यूयॉर्क शहर के 5 बरो की सेवा करता है)
**www.advocatesforchildren.org**
**1-800-427-6033** या **(212) 947-9779**

# “जल्दी हस्तक्षेप के चरण” चार्ट

## परिवार की चिंता



### 1. रेफ़रल *(माता-पिता आपत्ति न उठाएं तो)*

- रेफ़रल के स्रोत या माता-पिता को संदेह है कि बच्चे को विकास संबंधी देरी या अक्षमता है
- परिवार को जल्दी हस्तक्षेप कार्यक्रम (EIP) के फायदों के बारे में सूचित करना
- पहचान के दो दिनों के भीतर बच्चे को जल्दी हस्तक्षेप अधिकारी (EIO) को रेफ़र किया जाए
- EIO शुरुआती सेवा संयोजक आवंटित करते हैं

### 2. शुरुआती सेवा संयोजक

- EIP के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं
- परिवार को अधिकारों की जानकारी देते हैं
- मूल्यांकनकारों की सूची की समीक्षा करते हैं
- बीमा/Medicaid संबंधी जानकारी प्राप्त करते हैं
- अन्य प्रासंगिक जानकारी प्राप्त करते हैं

### 3. मूल्यांकन*

- पात्रता निर्धारित करना
- पारिवारिक आकलन (वैकल्पिक)
- वैयक्तिकृत पारिवारिक सेवा योजना (IFSP) के बारे में जानकारी इकट्ठा करना
- सार और रिपोर्ट IFSP के पहले सबमिट किए गए

### 4. IFSP मीटिंग*

*(अगर बच्चा पात्र हो)*

- परिवार वांछित परिणामों की पहचान करता है
- जल्दी हस्तक्षेप सेवाएं निर्दिष्ट
- लिखित प्लान विकसित करना
- परिवार और EIO IFSP के लिए सहमत होते हैं
- जारी सेवा संयोजक (OSC) की पहचान करना
- EIO सोशल सिक्योरिटी नंबर प्राप्त करते हैं IFSP

### जल्दी हस्तक्षेप सेवाएं*

- सहायक टेक्नोलॉजी डिवाइसिस और सेवाएं
- ऑडियोलॉजी
- परिवार का प्रशिक्षण, काउन्सेलिंग, घर पर विज़िट और माता-पिता के लिए सहायता ग्रूप
- केवल नैदानिका या मूल्यांकन के उद्देश्यों के लिए चिकित्सा सेवाएं
- नर्सिंग सेवाएं
- पोषण सेवाएं
- ऑक्युपेशनल थेरेपी
- फिज़िकल थेरेपी
- मनोवैज्ञानिक सेवाएं
- आराम की सेवाएं
- सेवा संयोजन
- सामाजिक कार्य सेवाएं
- विशेष शिक्षा
- स्पीच-लैंग्वेज पैथोलॉजी
- दृष्टि संबंधी सेवाएं
- स्वास्थ्य सेवाएं
- परिवहन और जुड़ी हुई लागत

### विकास के क्षेत्र

- संज्ञानात्मक
- शारीरिक (दृष्टि और श्रवण सहित)
- संचार
- सामाजिक/भावनात्मक
- अनुकूलक विकास

### 5. IFSP की समीक्षा छह महीने में, मूल्यांकन हर साल

- परिणाम, व्यूह रचनाएं और/या सेवाएं जारी रखने, जोड़ने, परिवर्तित करने या हटाने का निर्णय लिया जाता है
- अगर माता-पिता माँग करें, तो समीक्षा जल्दी भी हो सकती है (अगर माता-पिता सेवा में बढ़ोतरी की माँग करें, तो EIO अतिरिक्त मूल्यांकन की माँग कर सकते हैं)

### 6. पारगमन

- पारगमन योजना IFSP में शामिल
- इसमें पारगमन:
  - शिक्षा कानून की धारा 4410 के तहत सेवाएं (3-5 प्रणाली)
    या
  - अन्य शुरुआती बचपन सेवाएं, आवश्यकतानुसार

**माता-पिता/अभिभावक सम्यक प्रक्रिया विधि तक पहुँच प्राप्त कर सकते हैं।*

*मूल्यांकन, IFSP, IFSP में सेवाओं के प्रावधान और पारगमन के लिए माता-पिता/अभिभावक की सहमति आवश्यक है।*

10/15

# अपने बच्चे को रेफ़र कैसे करें

(तिथि लिखें)

(जल्दी हस्तक्षेप अधिकारी का नाम लिखें)
(स्ट्रीट एड्रेस)
(शहर/राज्य/ज़िप कोड)

प्रिय (जल्दी हस्तक्षेप अधिकारी का नाम लिखें):

मैं अपने बच्चे (बच्चे का नाम) को जल्दी हस्तक्षेप कार्यक्रम में रेफ़र करना चाहूँगा। मेरा बच्चा (बच्चे की उम्र) का/की है और लग रहा है कि उसके विकास में समस्याएं हैं। मैं समझता/समझती हूँ कि मुझ से एक सेवा संयोजक द्वारा संपर्क किया जाएगा, जो मुझे कार्यक्रम समझाएंगे और मेरी मुझे प्रदान की जाने वाली एक सूची में से एक मूल्यांकनकार को चुनने में मदद करेंगे। मैं यह भी समझता/समझती हूँ कि मुझे *Early Intervention Steps: A Parent's Basic Guide to the Early Intervention Program (जल्दी हस्तक्षेप के चरण: माता-पिता के लिए एक मूलभूत मार्गदर्शिका)* प्रदान की जाएगी।

मुझ से संपर्क करने का सबसे अच्छा समय है (दिन और समय दर्ज करें)।

नमूना

भवदीय,

(आपके हस्ताक्षर)
(नाम लिखें)
(स्ट्रीट एड्रेस)
(शहर/राज्य/ज़िप कोड)
(काउंटी)
(एरिया कोड/फ़ोन नंबर)

# आपके बच्चे के रिकॉर्ड की समीक्षा करने की माँग कैसे करें

(तिथि लिखें)

(नाम लिखें), जल्दी हस्तक्षेप अधिकारी
(स्ट्रीट एड्रेस)
(शहर/राज्य/ज़िप कोड)

प्रिय (जल्दी हस्तक्षेप अधिकारी/सेवा प्रदाता/सेवा संयोजक/मूल्यांकनकार लिखें):

मैं अपने बच्चे, (बच्चे का नाम), जो (सेवा प्रदाता(ओं) का(के) नाम) से जल्दी हस्तक्षेप सेवाएं प्राप्त कर रहा है, के रिकॉर्ड की समीक्षा करना चाहूँगा/चाहूँगी।

मैं समझता/समझती हूँ कि अगर मुझे कोई भी प्रश्न हों, तो रिकॉर्ड में मौजूद जानकारी मुझे समझायी जा सकती है और मैं चुनूँ ऐसा कोई व्यक्ति मेरे लिए रिकॉर्ड की समीक्षा कर सकता है।

मुझ से संपर्क करने का सबसे अच्छा समय है (दिन और समय दर्ज करें)।

भवदीय,

(आपके हस्ताक्षर)
(नाम लिखें)
(स्ट्रीट एड्रेस)
(शहर/राज्य/ज़िप कोड)
(काउंटी)
(एरिया कोड/फ़ोन नंबर)

नमूना

# मध्यस्थता की माँग कैसे करें

(तिथि लिखें)

(नाम लिखें), जल्दी हस्तक्षेप अधिकारी
(नाम लिखें) काउंटी विभाग
(स्ट्रीट एड्रेस)
(शहर/राज्य/ज़िप कोड)

प्रिय (जल्दी हस्तक्षेप अधिकारी का नाम लिखें):

मेरे सेवा संयोजक और काउंटी EIO के साथ मेरी चिंताएं साझा करने के बाद, हम (अपने बच्चे का पूरा नाम लिखें) के साथ जल्दी हस्तक्षेप सेवाओं के प्रावधान के बारे में सहमति नहीं कर पाए हैं। इसलिए, मैं **मध्यस्थता** की माँग फ़ाइल करना चाहूँगा/चाहूँगी।

हम इन चीज़ों के बारे में सहमति नहीं कर पा रहे हैं:
(लागू होने वाले सभी के सामने सही का निशान बनाएं)

- ☐ जल्दी हस्तक्षेप कार्यक्रम के लिए मेरे बच्चे की पात्रता। मैं समझता/समझती हूँ कि मध्यस्थता की माँग मेरे बच्चे को सेवाओं के लिए अपात्र पाया गया था उस तिथि के छह महीनों के भीतर की जानी चाहिए।
- ☐ माँग की गई जल्दी हस्तक्षेप सेवाएं या मेरे बच्चे और परिवार के लिए मूल्यांकन।
- ☐ काउंटी ने मेरे बच्चे और परिवार के लिए जल्दी हस्तक्षेप सेवाएं प्रदान करने से इन्कार किया।
- ☐ मेरे बच्चे और परिवार के लिए जल्दी हस्तक्षेप सेवाओं या मूल्यांकनों में परिवर्तन।

नमूना

(एक छोटा वर्णन लिखें)

1. इस वक्त आपके बच्चे और परिवार को कौन सी जल्दी हस्तक्षेप सेवाएं प्रदान की जा रही हैं?
2. समझाएं कि आप जिस पर सहमत नहीं हो पा रहे हैं उस हर क्षेत्र के लिए किस चीज़ के लिए सहमत नहीं हो पा रहे हैं।
3. दूसरों के पढ़ने के लिए आपको जो महत्वपूर्ण लगें वे महत्वपूर्ण तथ्य और/या दस्तावेज़ों की प्रतियाँ प्रदान करें।
4. अपना या अपने प्रस्तावित समाधान साझा करें।

मैं समझता/समझती हूँ कि मेरी माँग पाने के दो दिनों के भीतर EIO उपयुक्त सामुदायिक विवाद समाधान केंद्र (CDRC) को लिखित रूप से मध्यस्थता की मेरी माँग के बारे में सूचित करेंगे। EIO सेवा संयोजक को और मुझे एक ही समय पर सूचना की एक-एक प्रति भेजेंगे। माँग मिलने पर CDRC मुझ से और EIO से संपर्क करेगा ताकि मध्यस्थता की प्रक्रिया के बारे में बात की जा सके।

मुझ से संपर्क करने का सबसे अच्छा समय है (दिन और समय दर्ज करें)।

भवदीय,
(आपके हस्ताक्षर)
(नाम लिखें)
(स्ट्रीट एड्रेस/पोस्ट बॉक्स)
(शहर/राज्य/ज़िप कोड)
(काउंटी)
(एरिया कोड/फ़ोन नंबर)

# निष्पक्ष सुनवाई की माँग कैसे करें

(तिथि लिखें)

निदेशक, जल्दी हस्तक्षेप कार्यालय
NYS स्वास्थ्य विभाग
Corning Tower Building
Room 287 Empire State Plaza
Albany, New York 12237-0660

प्रिय निदेशक:

मेरे सेवा संयोजक और काउंटी के जल्दी हस्तक्षेप अधिकारी के साथ मेरी चिंताएं साझा करने के बाद, हम मेरे बच्चे के लिए जल्दी हस्तक्षेप सेवाओं के प्रदान के बारे में सहमति नहीं कर पाए हैं। इसलिए, मैं अपने बच्चे (अपने बच्चे का पूरा नाम लिखें) के लिए हमें प्रदान की जा रही जल्दी हस्तक्षेप सेवाओं के संबंध में एक **निष्पक्ष सुनवाई** की माँग दायर करना चाहूँगा।

हम इन चीज़ों के बारे में सहमति नहीं कर पा रहे हैं:
(लागू होने वाले सभी के सामने सही का निशान बनाएं)

- ☐ जल्दी हस्तक्षेप कार्यक्रम के लिए मेरे बच्चे की पात्रता। मैं समझता/समझती हूँ कि निष्पक्ष सुनवाई की माँग मेरे बच्चे को सेवाओं के लिए अपात्र पाया गया था उस तिथि के छह महीनों के भीतर की जानी चाहिए।
- ☐ माँग की गई जल्दी हस्तक्षेप सेवाएं या मेरे बच्चे और परिवार के लिए मूल्यांकन।
- ☐ काउंटी ने मेरे बच्चे और परिवार के लिए जल्दी हस्तक्षेप सेवाएं प्रदान करने से इन्कार किया।
- ☐ मेरे बच्चे और परिवार के लिए जल्दी हस्तक्षेप सेवाओं या मूल्यांकनों में परिवर्तन।

नमूना

(एक छोटा वर्णन लिखें)

1. इस वक्त आपके बच्चे और परिवार को कौन सी जल्दी हस्तक्षेप सेवाएं प्रदान की जा रही हैं?
2. समझाएं कि आप जिस पर सहमत नहीं हो पा रहे हैं उस हर क्षेत्र के लिए किस चीज़ के लिए सहमत नहीं हो पा रहे हैं।
3. दूसरों के पढ़ने के लिए आपको जो महत्वपूर्ण लगें वे महत्वपूर्ण तथ्य और/या दस्तावेज़ों की प्रतियाँ प्रदान करें। अगर ऐसे अन्य लोग हैं, जिनके बारे में आपका मानना है कि वे संभावित रूप से गवाह बन सकते हैं या उनके पास प्रासंगिक जानकारी हो सकती है, तो कृपया लिखें कि वे कौन हैं और आपको क्यों लगता है कि वे महत्वपूर्ण हो सकते हैं।
4. अपना या अपने प्रस्तावित समाधान साझा करें।

मैं समझता/समझती हूँ कि यह पत्र मिलने पर न्यूयॉर्क राज्य स्वास्थ्य विभाग में से कोई मुझ से संपर्क करेगा।

**मुझ से संपर्क करने का सबसे अच्छा समय** है (दिन और समय दर्ज करें)।

भवदीय,
(आपके हस्ताक्षर)
(नाम लिखें)
(स्ट्रीट एड्रेस/पोस्ट बॉक्स)
(शहर/राज्य/ज़िप कोड)
(काउंटी)
(एरिया कोड/फ़ोन नंबर)

# सिस्टम शिकायत कैसे करें

(तिथि लिखें)

निदेशक, जल्दी हस्तक्षेप कार्यालय
NYS स्वास्थ्य विभाग
Corning Tower Building
Room 287 Empire State Plaza
Albany, New York 12237-0660

प्रिय निदेशक:

मैं अवगत हूँ कि मैं अपनी चिंताओं को औपचारिक रूप से सेवा संयोजक, जल्दी हस्तक्षेप (EI) प्रदाता, काउंटी या राज्य के पास संबोधित कर सकता हूँ, तथापि मैं **एक औपचारिक सिस्टम शिकायत दर्ज करना** चाहूँगा/चाहूँगी क्योंकि मेरा मानना है कि किसी EI प्रदाता और/या राय ने संघीय विनियम संहिता के भाग C, टाइटल 34 या 10 न्यूयॉर्क संहिता, नियम और विनियम उपखंड 69-4 या सार्वजनिक स्वास्थ्य कानून की धारा 25 के टाइटल II-A का उल्लंघन किया है।

☐ **इस EI सिस्टम शिकायत के लिए कथित उल्लंघन (उल्लघनों) को बताएं:**
(समस्या का छोटा विवरण लिखें और सिस्टम शिकायत से जुड़े तथ्य शामिल करें। आप अपनी सिस्टम शिकायत से जुड़े अतिरिक्त दस्तावेज़ भी संलग्न कर सकते हैं।)

☐ **अगर उल्लंघन किसी विशेष बच्चे से जुड़ा हुआ हो (जुड़े हुए हों):**
(बच्चे का नाम/जन्म तिथि/घर का पता/बच्चे के निवास की काउंटी लिखें।) (EI सेवा प्रदाता(ओं), सेवा संयोजक और बच्चे की सेवा करने वाली किसी भी EI एजेन्सी का नाम लिखें।) (उल्लंघन का (के) कोई प्रस्तावित समाधान या परिणाम लिखें।)

**मैं समझता/समझती हूँ कि:**

- हो सकता है कि न्यूयॉर्क राज्य स्वास्थ्य विभाग (विभाग) कथित उल्लंघन की जाँच तभी करे अगर यह डिपार्टमेन्ट को यह पत्र मिलने के एक साल पहले के भीतर में हुआ हो;
- अगर कोई ऐसी सिस्टम शिकायत मिले जो किसी निष्पक्ष सुनवाई या मध्यस्थता का विषय हो, तो विभाग को सिस्टम शिकायत का ऐसा कोई भी हिस्सा अलग रख देना होगा जिसे संबोधित किया जा रहा है;
- अगर कोई ऐसा मुद्दा उठाया गया है जिसे पहले उन्हीं पक्षों को शामिल करने वाली किसी मध्यस्थता या निष्पक्ष सुनवाई में संबोधित कर लिया गया है, तो मध्यस्थता या निष्पक्ष सुनवाई के निर्णय का सम्मान किया जाता है;
- मेरी सिस्टम शिकायत की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर जाँच की जाएगी और यह कि मुझ से इंटरव्यू किया जा सकता है और मुझे एक लिखित प्रतिक्रिया मिलेगी;
- अगर सिस्टम शिकायत के संबंध में असामान्य परिस्थितियाँ हो या फिर पक्ष मध्यस्थता में शामिल होना चुनें, तो समयसीमा बढ़ सकती है; और
- **उसी समय, जब मैं इस सिस्टम शिकायत को विभाग को भेज रहा हूँ, यह आवश्यक है कि:**
  - **मैं इस सिस्टम शिकायत की एक कॉपी इन्हें फ़ॉरवर्ड करूँ:**
    - मेरे बच्चे के/की सेवा संयोजक, जब सिस्टम शिकायत खास बच्चे के लिए हो;
    - काउंट जल्दी हस्तक्षेप अधिकारी या जल्दी हस्तक्षेप मैनेजर; और
    - कोई भी EI प्रदाता, जो इस सिस्टम शिकायत का विषय हो; या
  - **मैं शिकायत को फ़ॉरवर्ड करने के बदले विभाग से सिस्टम शिकायत को ऊपर सूचीबद्ध पक्षों को फ़ॉरवर्ड करने का अनुरोध कर सकता हूँ।**

**मुझ से संपर्क करने का सबसे अच्छा समय है** (दिन और समय दर्ज करें)।

भवदीय,
(आपके हस्ताक्षर)
(नाम लिखें)
(स्ट्रीट एड्रेस)
(शहर/राज्य/ज़िप कोड)
(काउंटी)
(एरिया कोड/फ़ोन नंबर)

नमूना

# नोट्स

# नोट्स



*न्यूयॉर्क राज्य का जल्दी हस्तक्षेप कार्यक्रम उसमें प्रवेश या उस तक पहुँच या उपचार या अपने कार्यक्रमों और गतिविधि में नियुक्ति के लिए दिव्यांगता के आधार पर भेदभाव नहीं करता है।*

*अगर आपको लगता हो कि आप से न्यूयॉर्क राज्य जल्दी हस्तक्षेप कार्यक्रम में प्रवेश या उस तक पहुँच या उपचार या नियुक्ति में भेदभाव किया गया है, तो आप अन्य सभी अधिकारों और उपायों के अलावा, इन से संपर्क कर सकते हैं: Bureau of Early Intervention, New York State Department of Health, Empire State Plaza, Corning Tower, Room 287, Albany, NY 12237-0660.*

हमें यहाँ फ़ॉलो करें:
health.ny.gov
facebook.com/nysdoh
twitter.com/healthnygov
youtube.com/nysdoh

NEW YORK STATE | Department of Health

19538 (Hindi) 6/18